फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 77 संख्याः 34 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 4 सितम्बर, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT

FLIGHT XXX TO VADODARA

At the exit gate, driver asked me to pay 100 rupees to the security guard secretly. This is the routine for un-booked taxies

The Fabric That United Silk and Cotton

The Song That Rose Above the Silence of Robben Island

'कश्मीरी पंडितों को धमकी साजिश है'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने घाटी में कश्मीरी पंडितों को हाल में मिली धमकियों को जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा न देने की एक "साजिश" करार देकर राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। उन्होंने उपराज्यपाल

- **नैशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारुख अब्दुल्लाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा नहीं देने के लिए की गई साजिश के तहत कश्मीरी पंडितों को धमकियाँ मिल रही हैं।**

प्रशासन पर भय का माहौल पैदा करने का आरोप लगाया है।

घाटी में कश्मीरी पंडित कर्मचारियों और निवासियों के बीच नए सिरे से चिंता पैदा हो गई है। यूनाइटेड लिबरेशन काउंसिल के नाम से एक नई ऑनलाइन हिट लिस्ट सामने आई है, जिसे प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा का प्रॉक्सी संगठन माना जा रहा है। इस सूची में पहले के मुकाबले कहीं अधिक विस्तृत जानकारियां दी गई हैं।

कश्मीरी पंडित परिवारों में चिंता बढ़ गई है, क्योंकि नई ऑनलाइन धमकी सूचियों में घरों के पते और फोन नंबर तक साझा किए जा रहे हैं।

भाजपा की भारी दुविधा, राहुल को एस.सी. एक्ट के तहत गिरफ्तार करें या नहीं

हालांकि, उत्तराखंड सरकार ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी की काफी तैयारी की है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और उसी के साथ उन्हें गिरफ्तार करने की गंभीर कोशिशें चल रही हैं।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, उत्तराखंड सरकार ने उन्हें गिरफ्तार करने के लिए कई टीमें बनाई हैं।

इन टीमों की अगुवाई आईजी निवेदिता कर रही हैं। कांग्रेस पार्टी के लिए चिंता की बात यह है कि अगर उन्हें एससी-एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया जाता है, तो उन्हें ज़मानत नहीं मिल पाएगी, और सरकार इसी दिशा में काम कर रही है।

यह मामला उत्तराखंड में मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद भाजपा और आरएसएस कार्यकर्ताओं द्वारा उनके सभा स्थल के 'शुद्धिकरण' से जुड़ा है।

राहुल ने यह मुद्दा उठाया था और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई,

- **पर, भाजपा का एक बड़ा खेमा मानता है कि अगर राहुल को गिरफ्तार किया गया तो उन्हें भारी जनसहानुभूति मिलेगी और इससे उन्हें भारी फायदा होगा और कांग्रेस में भी नवजीवन का संचार होगा।**
- **पर, कुछ शीर्षस्थ भाजपा नेता जैनरेशन ज़ैड आंदोलन के मुद्दे पर राहुल गांधी द्वारा बार-बार अमित शाह पर निशाना साधे जाने से कुपित हैं और उन्हें सबक सिखाना चाहते हैं। वे उन्हें एससी/एसटी एक्ट के तहत इसलिए गिरफ्तार कराना चाहते हैं, क्योंकि इस एक्ट में जमानत नहीं होती।**

जबकि उन्होंने कोई अपराध नहीं किया था।

इस मुद्दे पर भाजपा में मतभेद हैं। कुछ नेताओं को डर है कि ऐसा कदम उठाना राहुल गांधी को बहुत ज़्यादा मज़बूती देगा, क्योंकि इससे कांग्रेस में नई ऊर्जा आ जाएगी, कार्यकर्ता सड़कों पर उतर जाएंगे और पूरे देश में विरोध-प्रदर्शन होंगे।

लेकिन समझा जाता है कि जेन ज़ैड विरोध-प्रदर्शनों को लेकर राहुल गांधी ने जिस तरह से अमित शाह पर तीखे हमले किए हैं, उससे शाह इतने नाराज़ हैं कि वे बदला लेना चाहते हैं और उन्हें सबक सिखाना चाहते हैं।

सवाल बस यह है कि क्या समझदारी से काम लिया जाएगा या अमित शाह की मर्ज़ी चलेगी।

आम धारणा यह है कि राहुल गांधी

(शेष पृष्ठ 6 पर)

मुख्यमंत्री ने जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं

जयपुर, 3 सितम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश मानवता को सत्य और धर्म की राह दिखाते हैं। निष्काम कर्म करने, अन्याय का प्रतिकार करने तथा लोक कल्याण

- **उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के उपदेश मानवता को सत्य और कर्म की राह दिखाते हैं।**

के लिए सदैव समर्पित रहने का उनका संदेश हर युग में प्रासंगिक है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों का आव्हान किया कि वे भगवान श्रीकृष्ण के महान आदर्शों को आत्मसात करें और विकसित भारत-विकसित राजस्थान के निर्माण में योगदान दें।

तिब्बत में 5.0 तीव्रता का भूकंप

ल्हासा, 03 सितंबर। तिब्बत में गुरुवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.0 मापी गई। भूकंप के झटके दोपहर करीब 1:46 बजे दर्ज किए गए। भूकंप का केंद्र 31.479 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 80.370 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। इसकी गहराई जमीन के अंदर करीब 14 किलोमीटर बताई गई है। भूकंप का लोकेशन तिब्बत

(शेष पृष्ठ 6 पर)

दिल्ली के युवा नेताओं में विदेशी डिग्रियाँ भारी विवाद का मुद्दा बनीं

यह मुद्दा एक पॉडकास्ट से उभरा जिसमें किसी प्रखर गुप्ता ने सोनम वांगचुक से बात की थी, जिसमें गुप्ता ने अपने एक मित्र का जिक्र किया जो बॉस्टन युनिवर्सिटी में पढ़ता था

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 3 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को खुली चुनौती देते हुए कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने आज कहा कि अगर देश के सर्वोच्च कार्यकारी पद पर बैठे व्यक्ति अपनी शैक्षणिक योग्यता सार्वजनिक करें, तो वे (दीपके) भी ऐसा कर देंगे। इससे बोस्टन यूनिवर्सिटी में दीपके की पढ़ाई को लेकर पहले से चल रहा विवाद फिर से चर्चा में आ गया है।

गुरुवार को एक्स पर एक तीखे पोस्ट में दिपके ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी अपनी शैक्षिणक योग्यताएं सार्वजनिक करने के लिए तैयार हों, तो वे (दीपके) भी अमेरिकी विश्वविद्यालय से मिली अपनी डिग्री दिखाने के लिए तैयार हैं।

दीपके ने मोदी को सीधे चुनौती देते हुए व्यंग्य में कहा, "लोग मेरी डिग्री देखने का इंतजार करते-करते सचमुच

- **गुप्ता ने दावा किया कि उनके उक्त मित्र ने दीपके के शैक्षणिक दावों की पड़ताल की तो पाया कि दीपके का बॉस्टन युनिवर्सिटी से ग्रेजुएट होने का कोई रिकॉर्ड नहीं है।**
- **एक आरटीआई एक्टिविस्ट ने तो महाराष्ट्र सरकार से पूछा कि दीपके के पिता महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम में एक जूनियर इंजीनियर थे, जिनका वेतन 60-65 हजार था, तो उन्होंने दीपके को पढ़ने विदेश कैसे भेजा।**
- **दीपके ने सभी आरोपों को खारिज किया और कहा कि उन्हें बॉस्टन युनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप मिली थी और एजुकेशन लोन लिया था, जिसे चुकाना अभी बाकी है।**

धैर्य खो रहे हैं। मुझे हैरानी होती है कि वे 12 साल तक प्रधानमंत्री की डिग्री देखे बिना कैसे रह पाए। आइए, हम दोनों अपनी डिग्रियां दिखाते हैं और इस मामले को हमेशा के लिए खत्म कर देते हैं।"

दीपके को प्रधानमंत्री को चुनौती देने के लिए मजबूर होना पड़ा है, क्योंकि सीजेपी के संस्थापक के इस दावे पर सोशल मीडिया में फिर से सवाल उठ रहे हैं कि उन्होंने बोस्टन यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की थी।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

नगर निकाय चुनाव में
कमल खिलाना है
विकास को आगे बढ़ाना है

डबल इंजन की सरकार का सुशासन
32 माह में किए काम

VS

कमजोर कांग्रेस का कुशासन
5 साल में किए काम

भाजपा सरकार की नीति और नीयत से बदली राजस्थान की किस्मत

	भाजपा सरकार	कांग्रेस सरकार
प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) लाभार्थी (प्रथम किश्त से)	1,30,764 लाभार्थी	39,428 लाभार्थी
राजकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण	214 भवन निर्मित	57 भवन निर्मित
स्कूली विद्यार्थियों को साइकिल वितरण	13,85,000 साइकिल वितरित	10,36,000 साइकिल वितरित
राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों की स्थापना	21 महाविद्यालय	5 महाविद्यालय
स्कूली विद्यार्थियों को टैबलेट/लैपटॉप वितरण	88,724 टैबलेट/लैपटॉप वितरित	0 टैबलेट/लैपटॉप वितरित
सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी	12,027 सीसीटीवी	2,813 सीसीटीवी
छात्राओं को स्कूटी वितरण	45,985 स्कूटी	21,136 स्कूटी

कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं

भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान